# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 25.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने का दिया निर्देश; आईटी, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग पर विशेष फोकस।**
2. **रांची में आज भाजपा का महा–आक्रोश मार्च; महिला आरक्षण के मुद्दे पर मोरहाबादी से मेन रोड तक शक्ति प्रदर्शन करेंगी हजारों महिलाएं।**
3. **सीआईडी ने राज्य के कोषागारों से करोड़ों रुपये की अवैध निकासी मामले की जांच तेज की, 9 सदस्यीय एसआईटी का गठन।**
4. **राज्य के 18 जिलों में आज बारिश का येलो अलर्ट; कल बोकारो–धनबाद समेत 9 जिलों में ओलावृष्टि की आशंका के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी।**

**और**

5. **रांची के खेलगांव में आज से 9वीं झारखंड स्टेट सब–जूनियर और जूनियर कराटे चैंपियनशिप का आगाज; 550 खिलाड़ी होंगे शामिल।**

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की। रांची में हुई उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने दावोस और ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुए समझौतों को जल्द धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से टेक्सटाइल, आईटी, फूड प्रोसेसिंग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश को प्राथमिकता देने को कहा है।

**********************

महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्षी दलों के रुख के विरोध में भारतीय जनता पार्टी आज एक विशाल आक्रोश मार्च निकाल रही है। यह मार्च सुबह 11 बजे मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक और मेन रोड तक जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने बताया कि इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों के प्रति जनता को जागरूक करना है।

**********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 1 से 3 मई तक ऑड्रे हाउस में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव–सह–स्वदेशी मेला में शामिल होने का न्योता दिया। यह आयोजन स्थानीय संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का एक प्रमुख मंच होगा।

**********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने गांवों के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा की हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में जलछाजन जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है ताकि वर्षा जल का प्रभावी संचयन हो सके।

**********************

राज्य में करोड़ों रुपये के ट्रेजरी घोटाले की जांच अब और तेज हो गई है। सीआईडी ने आईजी पंकज कंबोज के नेतृत्व में 9 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। यह जांच मुख्य रूप से बोकारो और हजारीबाग में वेतन के नाम पर हुई फर्जी निकासी और इसके पूरे नेटवर्क को बेनकाब करने के लिए की जा रही है।

**********************

हजारीबाग में सीबीआई ने सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के मैनेजर रवि रंजन कुमार को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी मैनेजर पर एक ठेकेदार से उसका काम जारी रखने के एवज में पैसे मांगने का आरोप है। सीबीआई की टीम ने छापेमारी के दौरान मैनेजर के घर से 22 लाख रुपये नकद और भारी मात्रा में संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

**********************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और किसी भी वितरक के यहां आपूर्ति की कमी नहीं हुई है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यह जानकारी दी।

**********************

आकाशवाणी और माईगॉव ने अपनी 90 साल की शानदार विरासत के अवसर पर– **आकाशवाणी @90**– भारत की नई लय– प्रतियोगिता का आयोजन किया है। देशभर के नागरिकों को सिग्नेचर ट्यून और जिंगल बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता के तहत मार्केट मंत्रा, युवा–वाणी और स्पोर्ट्स स्कैन जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों के लिए विशेष वाद्य धुनें तैयार करनी होंगी। पहले स्थान के लिए 30 हजार, दूसरे के लिए 20 हजार और तीसरे स्थान के लिए 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा, 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी **माईगॉव पोर्टल** के माध्यम से अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं।

**********************

हजारीबाग के बरही में कल दिनदहाड़े अपराधियों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बड़ी लूट को अंजाम दिया। हथियारबंद पांच अपराधियों ने महज 15 मिनट में करोड़ों का सोना और नकदी लूट ली और बैंक कर्मियों को स्ट्रांग रूम में बंद कर फरार हो गए। मामले की जानकारी देते हुए एसपी अमन कुमार ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर गश्ती तेज कर दी गई है और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**********************

आज विश्व मलेरिया दिवस है। इस अवसर पर रांची के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में सुबह 10 बजे से एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी होंगे। इस दौरान मलेरिया उन्मूलन की दिशा में राज्य में बेहतरीन कार्य करने वाले उत्कृष्ट स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

**********************

राज्य के कई हिस्सों में आज से मौसम में बदलाव के संकेत हैं। रांची सहित 18 जिलों में 25 अप्रैल को मेघ गर्जन व तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कल यानी 26 अप्रैल को बोकारो और धनबाद समेत नौ जिलों में स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में वज्रपात, आंधी और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है।

**********************

राजधानी रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आज से 9वीं झारखंड राज्य कराटे चैंपियनशिप का आगाज हो रहा है। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य भर से लगभग 550 खिलाड़ी अपना दम–खम दिखाएंगे। आज पहले दिन कैडेट और जूनियर वर्ग की स्पर्धाएं होंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन खेल प्राधिकरण के उप निदेशक राजेश कुमार करेंगे।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हजारीबाग के बरही में बैंक लूट की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है—बरही में बैंक से तीन किलो सोना और चार लाख रुपये नगद की लूट।
**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है— जगन्नाथपुर मंदिर में गार्ड की हत्या, 6 दानपेटी से कैश लूटा, तीन गिरफ्तार।
**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है— सामूहिक सोलर खेती करें, सरकार खरीदेगी बिजली।
**दैनिक जागरण** के शब्द हैं— आप को बड़ा झटका, रास के सात सदस्यों ने पार्टी छोड़ी।

************समाप्त**************